ई–मेल द्वारा प्रेषित

प्रेषकः

**प्राचार्य,**
रानी धर्म कुँवर राजकीय महाविद्यालय,
दल्लावाला–खानपुर (हरिद्वार)

सेवा में,

**संयुक्त निदेशक,**
उच्च शिक्षा,
क्षेत्रीय कार्यालय,
दून विश्वविद्यालय, देहरादून।

पत्रांकः 115 /एंटीड्रग/2022–23

दिनाँकः 25.07.2023

**विषयः नशा मुक्त उत्तराखण्ड एवं ड्रग फ्री देव भूमि अभियान के तहत जुलाई 2023 में महाविद्यालय द्वारा किए गए कार्यो की समीक्षा के सम्बन्धित सूचना का प्रेषण।**

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांकः 857/न0मु0उ0/2023–24 दिनांक 14 जुलाई 2023 के अनुपालन में आपको अवगत करना चाहते हैं कि नशे के प्रति जागरूकता के अन्तर्गत महाविद्यालय परिसर में महाविद्यालय के सहकर्मियों के द्वारा एक संगोष्ठी/कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सम्बन्ध में शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने अपने–अपने विचार प्रस्तुत किए जिससे छात्र/छात्राओं नशे से होने वाली हानियों एवे दुष्प्रभावों के प्रति सचेत रहे एवं नशे से दूर रहें।

नशा मुक्त अभियान के तहत डॉ0 भूपेन्द्र कुमार (संस्कृत विभाग) ने छात्र/छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे देश में आजकल लोगों में नशे की आदत काफी बड़ी मात्रा में देखी जा रही है। यहां तक कि युवा वर्ग भी नशे की चपेट में इस प्रकार आ रहा है कि उन्हें नशे के अलावा कुछ नहीं दिखाई दे रहा है इसीलिए सरकार द्वारा लोगों को नशे से बचाने के लिए नशा मुक्त भारत अभियान की शुरूआत की है, जिसके अन्तर्गत लोगों को नशे से छुटकारा दिलाने के लिए हर स्तर पर प्रयास कर रही है किंतु सिर्फ सरकार ही नहीं बल्कि हमें भी इसमें सहयोगी बनना होगा। नशा करने से बचने के लिए अच्छी संगत में रहना आवश्यक है। आपको अपने मन में यह निश्चय लेना चाहिए कि आप कभी भी अपने जीवन में नशे का सेवन नहीं करेंगे और साथ ही अन्य लोगों को नशे से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करेंगे।

इसी क्रम में डॉ0 निबेदिता प्रियदर्शनी ने छात्र/छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि शराब, बीड़ी,बियर, तम्बाकू, सिगरेट, गुटखा आदि कुछ ऐसे नशे है जिसका सेवन आज भारत में काफी बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। यह चिंता इसलिए भी बढ़ गई है कि क्योंकि अब इंडिया की युवा पीढ़ी धीरे–धीरे नशे का सेवन करने लगी है। नशे से मृत्यु तक हो जाती है जिससे परिवार टूटने के कगार तक पहुंच जाता है। नशा करने से बचने के लिए आपको ऐसे लोगों के साथ किसी भी प्रकार का मेल– मिलाप नहीं रखना चाहिए।

श्री मनमोहन सिंह (चौकीदार) ने छात्र/छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि नशे से आपका शरीर कमजोर हो जाता है और आपकी इम्यूनिटी मजबूत नहीं हो पाती है जिससे आपके शरीर में कई बीमारियों का प्रवेश आसानी से हो जाता है। ऐसे में अगर आप योग का सहारा लेते है तो नशा कुक्त रह सकते हैं। ऐसे में आप कपालभाति, भस्त्रिका, शीर्षासन, शशकासन, पवनमुक्त आसन को अपना कर अपने परिवार और समाज को बचा सकते हैं।

कार्यक्रम का संचालन डॉ0 सन्तोष कुमार के द्वारा किया गया।

संलग्नक-यथोपरि।

भवदीय,

कार्यक्रम संयोजक (एन्टी ड्रग सेल)
कार्यक्रम संयोजक
रानी धर्म कुँवर राजकीय महाविद्यालय
दल्लावाला, खानपुर (हरिद्वार)

25.7.2023
प्रो0 (कुलदीप सिंह नेगी)
प्राचार्य,
प्राचार्य
रानी धर्म कुँवर राजकीय महाविद्यालय
दल्लावाला, खानपुर (हरिद्वार)

रानी धर्म कुँवर राजकीय महाविद्यालय
नशा मुक्ति अभियान
विषय :-
दिनांक :-
GPS Map Camera
Almawala, Uttarakhand, India
Unnamed Road, Almawala, Uttarakhand 251308, India
Lat 29.592495°
Long 77.981619°
24/07/23 11:24 AM GMT +05:30
Google

रानी धर्म कुँवर राजकीय महाविद्यालय
दल्लावाला- खानपुर, हरिद्वार (उत्तराखण्ड)
नशा मुक्ति अभियान
विषय :-
दिनांक :-
24-07-2023
शिक्षित बनो सफल बनो
GPS Map Camera
Almawala, Uttarakhand, India
Unnamed Road, Almawala, Uttarakhand 251308, India
Lat 29.592285°
Long 77.981874°
24/07/23 11:34 AM GMT +05:30
Google

रानी धर्म कुँवर राजकीय महाविद्यालय
नशा मुक्ति अभियान
विषय :-
दिनांक :-
24-07-2023
GPS Map Camera
Almawala, Uttarakhand, India
Unnamed Road, Almawala, Uttarakhand 251308, India
Lat 29.592342°
Long 77.981884°
24/07/23 11:27 AM GMT +05:30
Google

रानी धर्म कुँवर राजकीय महाविद्यालय
दल्लावाला- खानपुर, हरिद्वार (उत्तराखण्ड)
नशा मुक्ति अभियान
विषय
दिनांक
"शिक्षित बनो सफल बनो"
GPS Map Camera
Almawala, Uttarakhand, India
Unnamed Road, Almawala, Uttarakhand 251308, India
Lat 29.592294°
Long 77.981709°
24/07/23 11:40 AM GMT +05:30
Google